राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR**

पत्र संख्या–पं०नि० 30–93/2024 3961

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
समस्तीपुर।

पटना, दिनांक– 29.10.24

**विषयः–** उपाध्यक्ष, जिला परिषद, समस्तीपुर के रिक्त पदों पर निर्वाचन की तिथि निर्धारण करने के संबंध में।

**प्रसंगः– आपका पत्रांक 4279 दिनांक 01.10.2024**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा माननीय अध्यक्ष, जिला परिषद, समस्तीपुर एवं माननीय उपाध्यक्ष, जिला परिषद, समस्तीपुर के विरूद्ध दिनांक 30.12.2023 को किसी भी तरह का अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित पत्र जिला परिषद, समस्तीपुर कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ ह, बल्कि जिला परिषद, अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित आवेदन दिनांक 04.01.2024 को प्राप्त हुआ था, से संबंधित सूचना उपलब्ध कराई गई है।

चूँकि माननीय उच्च न्यायालय पटना में CWJC No 11619/2024 में द्वारा दिनांक 22.07.2024 को पारित आदेश की कंडिका 03 में अंकित है कि दिनांक 30.12.2023 को 26 जिला परिषद सदस्यों द्वारा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने हेतु अध्यपेक्षा की गई थी, के संदर्भ में स्पष्ट रूप से अंकित की जाय कि उपाध्यक्ष जिला परिषद, समस्तीपुर के विरूद्ध दिनांक 07.08.2024 के पूर्व अविश्वास प्रस्ताव संबंधी कोई बैठक का आयोजन नहीं किया गया था।

अनुरोध है कि स्थिति स्पष्ट करते हुए तत्संबंधी प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय। ताकि संदर्भित रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु तिथि निर्धारित की जा सके।

विश्वासभाजन,
28/X/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं०नि० 30–93/2024– 3961 पटना, दिनांक – 29.10.24

प्रतिलिपि : आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/X/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

22.10.24